




# आज मुख्यमंत्री नरवर के व्यस्त प्रवास पर



## महिला सम्मेलन में लेंगे भाग तथा संदीपनी विद्यालय का करेंगे उद्घाटन



**नवभारत न्यूज**
**नरवर, 27सितम्बर।** आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शिवपुरी जिले के नरवर नगर में थाने के सामने नल दमयंती खेल मैदान में सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित महिला सम्मेलन में भाग लेंगे तथा आम सभा को संबोधित करेंगे व नरवर तहसील के पास स्थित संदीपनी विद्यालय की बिल्डिंग का उद्घाटन करेंगे तथा युक्त सम्मेलन में करैरा विधायक रमेश प्रसाद खटीक, भाजपा जिला अध्यक्ष, कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी तथा जिले के जैन प्रतिदिन जनप्रतिनिधि तथा समस्त अधिकारी ,कर्मचारीगण विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

**तैयारियों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण:**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 27 सितम्बर को नरवर प्रवास और सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित होने वाले महिला सम्मेलन की तैयारियों का आज कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने विस्तृत निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी नरवर में बन रहे सभास्थल का जायजा लिया और सुरक्षा व्यवस्था, मंच निर्माण, बैठने की व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, पेयजल तथा स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यक्रम में आने वाले आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएँ समय पर पूर्ण की जाएँ।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संदीपनी स्कूल नरवर के नवीन भवन का अवलोकन किया और हेलीपैड की व्यवस्थाओं, सुरक्षा बलों की तैनाती, हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक पहुंच मार्ग, यातायात एवं पार्किंग की व्यवस्था का भी बारीकी से निरीक्षण किया। सीएमओ नरवर को विशेष रूप से साफ-सफाई और पेयजल आपूर्ति पर ध्यान देने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर करैरा विधायक रमेश खटीक, भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, डीएफओ सुधांशु यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन, एसडीएम दिनेश चंद्र शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजीव मूले, एसडीएम करैरा शिवदयाल धाकड़ सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तथागत फाउंडेशन का नि :शुल्क कैंसर जांच शिविर 28 को

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 26सितम्बर।** तथागत फाउंडेशन शिवपुरी 28 सितंबर को गायत्री पार्क, न्यू ब्लॉक में विशाल नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर आयोजित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 'स्वस्थ नारी, सशक्त भारत' के तहत इस शिविर में विशेष रूप से महिलाओं में होने वाले ब्रेस्ट और गर्भाशय कैंसर पर ध्यान दिया जाएगा।

शिविर के सह आयोजक आरोग्य भारती, गायत्री परिवार और स्वास्थ्य विभाग शिवपुरी हैं। ग्वालियर के कैंसर चिकित्सालय एवं शोध संस्थान के अनुभवी विशेषज्ञ डॉ. बी.आर. श्रीवास्तव, डॉ. गुंजन श्रीवास्तव, डॉ. रजनी अग्रवाल, डॉ. निधिशा अग्रवाल और डॉ. नीति अग्रवाल नि:शुल्क परामर्श और जांच उपलब्ध कराएंगे। इसमें स्तन कैंसर के लिए मेमोग्राफी, गर्भाशय कैंसर के लिए पेप स्मीयर और अन्य कैंसर के लिए एफएनएसी एवं बायोप्सी जैसी जांच नि:शुल्क होंगी। डॉक्टरों की सलाह पर अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन और एमआरआई जैसी जांचें रियायती दरों पर उपलब्ध कराई जाएंगी। तथागत फाउंडेशन के संरक्षक डॉ. पी.के. खरे और अध्यक्ष आलोक एम. इंदौरिया ने बताया कि फाउंडेशन पिछले कई वर्षों से बिना सरकारी अनुदान के दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में कैंसर जांच शिविर आयोजित करता रहा है। शिविर का उद्घाटन सुबह 10 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक होगा। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी होंगे, और अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव करेंगे। फाउंडेशन के सदस्य श्रीमती पुष्पा खरे, स्वेता गंगवाल, आकांक्षा गौड़, श्रीमती प्रीति जैन, श्रीमती नम्रता गौतम, भरत अग्रवाल, लवलेश जैन चीनू, हरवीर सिंह चौहान, राजेंद्र राठौर, संतोष शिवहरे, मथुरा प्रसाद गुप्ता, रवि गोयल, पंकज जैन, अजय राजपूत, राम गुप्ता, रामवीर गुर्जर और नीरज कुमार छोटू ने सभी महिलाओं से इस शिविर का लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

## राजस्व मंत्री वर्मा आज सीहोर, बिलकिसगंज में

**सीहोर.** राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा 27 सितंबर को भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 2 बजे सीहोर पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे.

## जिलेभर में चलाया जा रहा नरवाई प्रबंधन अभियान

**शिवपुरी।** कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी के निर्देशन एवं उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास, शिवपुरी पीएस करोरिया के मार्गदर्शन में जिलेभर में नरवाई प्रबंधन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य खेतों में नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकना और किसानों को वैकल्पिक उपायों की जानकारी देना है। शुक्रवार को ग्राम मायारामपुर विकासखंड नरवर में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय विकासखंड शिवपुरी, ग्राम पंचायत सेसई विकासखंड पोहरी तथा अटलपुर विकासखंड बदरवास के कृषकों को कृषि विभाग द्वारा नरवाई जलाने से होने वाले नुकसानों की जानकारी दी गई। इस दौरान किसानों को नरवाई प्रबंधन में उपयोगी यंत्र जैसे सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, स्मार्ट सीडर, स्ट्रा रीपर आदि के उपयोग तथा इन पर मिलने वाले अनुदान लाभ की जानकारी भी दी गई।

# खनियाधाना में श्रीराम विवाह की निकली बारात



**दिनेश कुमार झा**
**खनियाधाना, 26सितम्बर।** नगर में आज बड़े ही धूमधाम और भक्तिमय माहौल में भगवान श्रीराम की भव्य बारात निकाली गई।

यह रामलीला पिछले स्टेट समय से निरंतर चली आ रही हे यह है प्रथा बजरंग राम लीला मंडल खनियाधाना द्वारा अच्छे कुशल कलाकारों के द्वारा यह रामलीला का भव्य आयोजन किया जाता है जिसके चलते गुरुवार रात्रि में जनक जी का दरबार लगाया और सीता स्वयंवर के लिए उसमें देश देश के राजा उपस्थित हुए थे जिसमें श्री राम भी उपस्थित रहे और धनुष यज्ञ (धनुष तोड़ा) और रामलीला में भगवान श्रीराम के द्वारा धनुष को तोड़ा गया जिसके चलते शुक्रवार दोपहर में भगवान श्री राम की भव्य बारात का आयोजन किया गया और

यह शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होकर गुज़री, जिसमें जगह-जगह नगरवासियों ने भगवान श्रीराम की बारात का स्वागत किया।

बजरंग रामलीला मंडल के अध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान उपाध्यक्ष राजू लाक्षाकार बारात में रामलीला मंडल के कलाकारों ने विभिन्न झांकियां प्रस्तुत कीं, जिसमें भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान सहित कई प्रसंगों का जीवंत चित्रण किया गया। आकर्षक झांकियों और भक्तिमय गीत-संगीत से पूरा वातावरण राममय हो उठा।

इस अवसर पर रामायण समिति एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने सक्रिय सहयोग दिया। प्रमुख सहयोगियों में शंकरलाल सोन, तानाजी लोधी, अजीत नरवरिया, शीतल प्रसाद कुशवाह, जितेन्द्र जैन (भैया), प्रेमराज गोंडवाना, सुरेन्द्र सरैया सहित पूरी रामायण समिति के सदस्य उपस्थित रहे। पूरे नगर में इस भव्य आयोजन से भक्तिमय वातावरण बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर प्रभु श्रीराम के जयकारे लगाते रहे।

# जिला कांग्रेस ने फूंका मंत्री विजयवर्गीय का पुतला

## विजयवर्गीय का बयान भाई-बहिन के पवित्र रिश्ते का अपमान



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 26सितम्बर।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और उनकी बहिन प्रियंका गांधी को लेकर दिए गए बयान के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी शिवुपरी के द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए मप्र शासन के कैबीनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के प्रति कांग्रेसियों में रोष व्याप्त रहा और इसे लेकर विरोध दर्ज कराते हुए शहर के माधवचौक पर एकत्रित होकर परिक्रमा करते हुए पुतला फूंक दिया गया।

इस घटना पर रोष व्यक्त करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने कहा कि मप्र सरकार में मुख्यमंत्री का सपना संजोने वाले कैबीनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की हसरतें जब पूरी नहीं हुई तो उनका दिमाग खराब हो गया है और यही कारण है कि वह आए दिन कुछ भी बोल देते है, गत दिवस मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के द्वारा हमारी पार्टी के प्रमुख नेता राहुल गांधी एवं उनकी बहिन प्रियंका गांधी के आपसी प्रेम स्नेह में दिए गए चुंबन को उनके द्वारा समस्त भाई-बहिन के प्रेम स्नेह का अपमान किया गया है, कैलाश विजयवर्गीय का यह चुंबन वाला बयान समस्त भाई-बहिन के पवित्र रिश्ते को अपमानित करता है, ऐसे में सरकार के इस मंत्री को मप्र सरकार में होना ही नहीं चाहिए, हम प्रदेश सरकार से मांग करते है कि जो व्यक्ति सार्वजनकि रूप से समस्त माता-बहिनों और भाई-बहिन जैसे पवित्र रिश्ते को लेकर उल-जलुल बयान दें ऐसे मंत्री को सरकार से हटा देना चाहिए, हम लगातार इस मामले का विरोध दर्ज कराऐंगें। इस दौरान जिला कांग्रेस के समस्त पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के पुतले को लेकर माधवचौक पर रैली निकाली और परिक्रमा करते हुए पुतले को मारते हुए बाद में आग के हवाले कर दिया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्तागण जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जगमोहन सिंह सेंगर, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष एपीएस चौहान, ओम प्रकाश शर्मा जोली, अनिल उत्साही, साहब सिंह कुशवाहा, संजय चतुर्वेदी, राजेश बिहारी पाठक, एड.राजकुमार शाक्य, दिनेश वशिष्ठ, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष नपा पार्षद श्रीमती शशि शर्मा, योगेश करारे, नलिन पंडित, पूर्व पार्षद पवन शर्मा, वीरेंद्र खटीक, ब्रज गौतम, विनोद विकेट, राजकुमार अग्रवाल, राजीव पांडे, दयालु जाटव, एड.पंकज आहूजा, नरेंद्र डिघर्रा, अशोक राठौर, मुकेश उदैया, लक्ष्येन्द्र शर्मा, राजेंद्र शर्मा, भूपेंद्र सिकरवार, आशीष गौड़, रामस्वरूप ओझा टिंकल, कल्पना सिनेरियो, आशीष शर्मा, संजय शर्मा, अमन धाकड़, सूर्य प्रताप सिंह, राज प्रताप सिंह, मोनू रजक, घनश्याम यादव, सरोज कुशवाहा इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पोहरी व खतौरा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 586 ने कराया उपचार



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 26सितम्बर।** स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोहरी तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खतौरा में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कुल 586 ग्रामीण महिला-पुरूषों ने उपचार कर लाभ प्राप्त किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय ऋषीश्वर ने बताया कि स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन दो विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 26 सितम्बर 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोहरी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पूर्व लोक निर्माण मंत्री माननीय सुरेश धाकड़ राठखेडा एवं मंडल अध्यक्ष आशुतोष जैमनी द्वारा किया गया। इस शिविर में कुल 352 रोगियों का उपचार किया गया। उपचार के लिए जिले से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम भी भेजी गई थी। शिविर के दौरान 21 समाजसेवियों ने रक्तदान कर सामाजिक संदेश भी दिया। इसी प्रकार, बदरवास विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खतौरा में भी विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ जनपद सदस्य अशोक भार्गव एवं मंडल अध्यक्ष वीरेन्द्र पडरया द्वारा किया गया। इस शिविर में 335 ग्रामीण महिला-पुरूषों ने अपना उपचार कराया। स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण जनता तक चिकित्सकीय सुविधाओं को पहुँचाना और स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान को सफल बनाना बताया गया।

# नवजीवन हॉस्पिटल में स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 26सितम्बर।** जिला स्वास्थ्य समिति एवं नवजीवन हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में आज नवजीवन हॉस्पिटल में स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्रहलाद भारती उपस्थित रहे। साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय ऋषिवर, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रणिता जैन, अस्थि एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनेद्र शर्मा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पीतम दास एवं नवजीवन हॉस्पिटल के संचालक डॉ. अरविंद धाकड़ भी विशेष रूप से मौजूद रहे। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं मरीज स्वास्थ्य परामर्श और उपचार के लिए पहुंचे। इस दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी विशेष जांच एवं परामर्श प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि प्रहलाद भारती ने अपने संबोधन में कहा स्वस्थ्य नारी ही सशक्त परिवार और सशक्त समाज की पहचान है। महिलाओं के स्वास्थ्य की अनदेखी पूरे परिवार को प्रभावित करती है। ऐसे शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और नवजीवन हॉस्पिटल द्वारा उठाया गया यह कदम सराहनीय है।

# मनरेगा उपयंत्री आंदोलन 37वें दिन पहुँचा निर्णायक मोड़ पर, शांतिपूर्ण आंदोलन अब उग्र रूप लेने की तैयारी में



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 26सितम्बर।** मनरेगा संविदा उपयंत्रियों की आठ सूत्रीय न्यायिक मांगों को लेकर चल रहा शांतिप्रिय आंदोलन अब उग्र रूप लेने की ओर अग्रसर है। पिछले 37 दिनों से आंदोलनरत उपयंत्री शासन-प्रशासन से लगातार निवेदन कर रहे हैं, किंतु कोई ठोस आश्वासन न मिलने से उनमें गहरी निराशा व्याप्त है। आज प्रदेश के सभी जिलों में मनरेगा उपयंत्रियों ने आदरणीय जिला कलेक्टर के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही उनकी मांगों पर सुनवाई नहीं हुई तो आंदोलन को क्रांतिकारी आंदोलन का स्वरूप दिया जाएगा।

गौरतलब है कि जुलाई 2023 में प्रदेश सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा संविदा कर्मचारियों के लिए नीति लागू करने की घोषणा की गई थी, जिसे अन्य विभागों ने लागू भी कर दिया है, मगर ग्रामीण विकास विभाग ने अब तक इस नीति को लागू नहीं किया है। इसी नीति के तहत मनरेगा उपयंत्री अपनी वेतन विसंगति, अनुकम्पा नियुक्ति, निलंबन प्रक्रिया में सुधार, ग्रेच्युटी और सहायक यंत्री का प्रभार जैसी प्रमुख मांगों को लेकर वर्षों से आवाज़ उठा रहे हैं। उपयंत्रियों के इस आंदोलन को प्रदेश के विभिन्न संगठन और जनप्रतिनिधि भी जायज ठहराते हुए समर्थन दे चुके हैं। आंदोलन के कारण ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं पर प्रतिकूल असर पड़ा है। मजदूरों को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है और गांवों में विकास कार्य भी ठप पड़ गए हैं। मनरेगा उपयंत्रियों ने सरकार से अपील की है कि उनकी जायज़ मांगों को तत्काल स्वीकार किया जाए, अन्यथा आंदोलन और अधिक उग्र रूप धारण करेगा।

## कन्या पूजन के साथ नारी शक्ति को किया नमन

**सीहोर.** नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर शहर के गंज स्थित राठौर मंदिर में भाजपा महिला मोर्चा एवं मंडल द्वारा कन्या पूजन का आयोजन किया गया. नारी शक्ति के प्रतीक रूप में कन्याओं के चरण धोकर, तिलक लगाकर व आरती उतारी गई. उन्हें माता रानी का स्वरूप मानकर पूजन कर सम्मानित किया गया.कार्यक्रम में उपस्थित बहनों ने कहा कि कन्या ही शक्ति का प्रतीक है, कन्या ही भविष्य का आधार हैं. जिस समाज में कन्याओं का सम्मान होता है, वहां सदा समृद्धि और सुख-शांति रहती है. कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती ऋ तु जैन, मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सीमा राजेश परिहार, सविता राठौर आदि उपस्थिति रहीं.

# मेरी मां का चोला है रंगला...गायक साहू ने बांधा समां



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 26सितम्बर।** शहर से गांव तक और बाजार से बस्तियों तक नवरात्रि में चहुंओर माता के भजन गूंज रहे हैं इसी क्रम में शहर की गांधी कालोनी में तिकोनिया पार्क मित्र मंडल द्वारा मनाए जा रहे नवरात्रि महोत्सव के चौथे दिन तिकोनिया पार्क की महारानी के पांडाल में रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। संध्या आरती के उपरांत रात करीब 10 बजे यहां विशाल जागरण शुरू हुआ। जिसमें यूपी के झांसी से आई भजन गायक मंजू साहू सहित शिवपुरी के भजन गायक हिमांशु राठौर व हरिओम कुशवाह ने जागरण मंडली के संचालक सुधीर व दिलीप जोशी के साथ भजनों से एसा समां बांधा कि तडके चार बजे तक भक्त भजनों की धुन पर झूमते दिखे।मेरी मां का चोला है रंगला.... और चलो बुलावा आया है ....भजन को भक्तों ने विशेष रूप से सराहा।बता दें कि गांधी कालोनी के पांडाल पर प्रतिदिन धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार की रात महिलाओं द्वारा डांडिया का आयोजन रखा है जबकि शनिवार को बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता आयोजित होगी। यहां प्रतिदिन होने वाली आरती में शहर भर से भक्तगण शामिल हो रहे हैं।

# टेंट हाउस संचालक के मिथ्या आरोप से कर्मचारी संघ में आक्रोश

- शिक्षा विभाग के कर्मचारी पर लगाया था आरोप
- लिपिक संघ ने की टेंट हाउस संचालक पर कार्रवाई की मांग

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 26 सितंबर.** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा एक ही फर्म को टेंट का टैंडर दिए जाने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर को शिकायत करने वाले टैंट हाउस संचालक के खिलाफ शिक्षा विभाग के कर्मचारी व लिपिकवर्गीय कर्मचारी संघ आक्रोशित हो गए. उन्होंने शुक्रवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मिथ्या आरोप लगाने वाले टेंट हाउस संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.

बता दें कि शुक्रवार को एक समाचार पत्र (नवभारत नहीं) में वरूण गौर नामक टेंट कारोबारी ने समाचार प्रकाशित कराया था जिसमें उसने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर शहर के एक ही टेंट संचालक को बीते दस वर्ष से काम दिए जाने का आरोप लगाया था. मिथ्या समाचार प्रकाशित होने से शिक्षा विभाग के कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त हो गया. शुक्रवार को उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में विगत दिनों शासन के भंडार क्रय नियमानुसार ई-टेंडर पोर्टल के माध्यम से टेंट लाईट एवं साउंड की द्वितीय निविदा 26अगस्त को 21 दिवस के लिए निकाली गई थी, जिसमें चार फर्म द्वारा निविदा ऑनलाईन प्रविष्ट की गई थी. जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित 6 सदस्यीय विभागीय क्रय समिति द्वारा तकनीकी निविदा का परीक्षण करने पर 3 फर्म निविदा में प्रकाशित शर्तों के अनुसार अयोग्य पाई गई. सांईनाथ टेंट हाउस निविदा शर्तों के अनुसार पात्रता पूर्ण करने के कारण वित्तीय निविदा खोली गई. वित्तीय समिति द्वारा ऑनालाईन प्राप्त दर पर नेगोशिएसन उपरांत आदेश जारी किया गया था. कर्मचारियों ने कलेक्टर को बताया कि वरूण गौर द्वारा जनप्रतिनिधि का नाम लेते हुए अंकुर शर्मा, सहायक ग्रेड 3 जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को धमकाया गया कि मैं उनका आदमी हूं, अगर मेरा टेंडर नहीं खोला गया तो मैं तुम्हें नौकरी नहीं करने दूंगा. तुम्हारा ट्रांसफर करवा दूंगा. मुझसे पंगा मत लेना नहीं तो सीहोर में रहना मुश्किल कर दूंगा. तुम्हारे पूरे परिवार के लिए मुझसे बुरा कोई नही होगा.

लिपिकवर्गीय कर्मचारी संघ ने कलेक्टर से निवेदन किया है कि वरूण गौर, बालाजी टेंट हाउस मंडी के खिलाफ शासकीय सेवक को गलत कार्य करने हेतु धमकाकर शासकीय कार्य में बाधा डालने तथा मनचाहा कार्य नही होने पर झूठे आरोप लगाकर प्रतिष्ठा को धूमिल करने तथा उक्त समाचार पत्र द्वारा बिना तथ्यों की पुष्टि किए, प्रतिष्ठित शासकीय सेवक का नाम प्रकाशित करने पर कार्यवाही की जाए. कर्मचारी अंकुर शर्मा एवं उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए.

# बेरा टेस्ट से श्रवण बाधित दिव्यांगों का परीक्षण शुरू



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 26सितम्बर।** केंद्रीय मंत्री सांसद श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, शिवपुरी में बेरा मशीन द्वारा बेरा जांच शुरू हो गई है। इससे श्रवण बाधित दिव्यांगों को अब ग्वालियर मेडिकल कालेज जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस अवसर पर चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. आशुतोष चौऋषि, डॉ. मेघा प्रभाकर, डॉ. शुभांगी सिंह, सहा. पीआरओ राहुल अष्ठाना, एजाइल मैनेजर धीरज नीखिल, प्रदीप राणा (ऑडियोलॉजिस्ट) सहित कॉलेज के वरिष्ठ और जूनियर डॉक्टर, नर्सिंग अधिकारी, पैरामेडिकल स्टाफ एवं एमबीबीएस छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। डीन डॉ.

## डॉ. धीरेंद्र त्रिपाठी ने बताए इसके लाभ

डी. परमहंस ने बताया कि बेरा मशीन से मूक-बधिर दिव्यांगजनों का परीक्षण आसानी से किया जा सकेगा और दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने में दिक्कतें कम होंगी। ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि बेरा जांच से नवजात शिशुओं और बच्चों में सुनने की समस्याओं का समय पर पता लगाया जा सकता है। इससे मूक-बधिर बच्चों की भाषा और बोलने की क्षमता का विकास संभव होगा। मशीन कान और ब्रेनस्टेम से सुनने की क्षमता का आंकलन करती है और न्यूरोलॉजिकल समस्याओं की पहचान में भी मदद करती है।